Publication: Dainik Savera **Edition:** New Delhi **Date:** January 20, 2022

जिंदल सॉ लिमिटेड ने हंटिंग एनर्जी सर्विसेज के साथ साझेदारी की

नई दिल्ली, 19 जनवरी (कास.): पाइप निर्माण उद्योग में अग्रणी जिंदल एसएडब्ल्यू लिमिटेड ने आज एक प्रेस कांफ्रेंस कर हंटिंग एनर्जी सर्विसेज के साथ एक नए संयुक्त उद्यम के गठन की घोषणा की। भारत का पहला ह्यअत्याधुनिकह्ल प्रीमियम ओसीटीजी थ्रेडिंग प्लांट जिंदल एसएडब्ल्यू लिमिटेड के साथ बहुमत शेयरधारक के रूप में 51%: 49% साझेदारी में नासिक में स्थापित किया जाएगा। प्रधान मंत्री के ह्यआत्मनिर्भर भारतह्ल के दृष्टिकोण के अनुरूप यह संयुक्त उद्यम, भारत से दुनिया के भिन्न हिस्सों में ओसीटीजी के लिए प्रीमियम कनेक्शन के दरवाजे खोलेगा और तेल तथा गैस ड्रिलिंग जैसी गतिविधियों में शामिल संस्थानों के लिए आयात प्रतिस्थापन के रूप में काम करेगा। इस तरह, भारत इस सेगमेंट में आत्मनिर्भर हो जाएगा।